RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 13 मई 2023 | वर्ष 05 | अंक 26 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App



# SC के फैसले के बाद सियासी हलचल

## अब महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार को लेकर आई ये बड़ी खबर

**मुंबई:** सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राज्य सरकार पर अनिश्चितताओं को दूर करने के साथ, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जल्द ही कैबिनेट फेरबदल का फैसला अपने हाथों में ले सकते हैं. पार्टी नेताओं ने शुक्रवार को यह संकेत दिया. यह 2024 में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनावों के बाद आने वाले निकाय चुनावों से पहले महत्वपूर्ण होगा. पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास अघाड़ी सरकार को गिराने के बाद, शिंदे ने 30 जून, 2022 को भारतीय जनता पार्टी के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस के साथ शिवसेना के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली.

**सरकार में फिलहाल 20 मंत्री**

इससे पहले, शिंदे-फडणवीस ने 9 अगस्त, 2022 को 18 मंत्रियों, सभी कैबिनेट रैंक, को शामिल करने से पहले लगभग 40 दिनों के लिए शो का प्रबंधन किया था. अब लगभग 10 महीनों से शिंदे 20 सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, जिसमें सभी मंत्रियों के पास दोनों सहयोगियों के बीच 50:50 के अनुपात में कई पोर्टफोलियो हैं. इसने शिवसेना-बीजेपी दोनों के नेताओं के बीच नाराजगी पैदा कर दी, क्योंकि शिंदे-फडणवीस सरकार को समर्थन देने वाले 10 से अधिक निर्दलीय और अन्य छोटे दलों के दबाव के अलावा कई वरिष्ठ नेताओं को मंत्रिमंडल से बाहर कर दिया गया था. महाराष्ट्र विधानसभा में कुल 288 सदस्य हैं, इसलिए सरकार में अधिकतम मंत्री 20 की मौजूदा ताकत के मुकाबले 43 हो सकते हैं.

मंत्री के रूप में किसी भी महिला को नहीं रखने, अपर्याप्त क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और अन्य मुद्दों के लिए भी सरकार को बहुत आलोचना का सामना करना पड़ा है, जिसे आगामी फेरबदल-सह-विस्तार में ठीक किया जा सकता है. क्षेत्रीय या जातिगत असंतुलन पर सुधार के अलावा, दोनों पार्टियों के कुछ मौजूदा मंत्रियों के विभागों में उनके पिछले 10 महीनों के प्रदर्शन रिपोर्ट कार्ड के आधार पर फेरबदल किए जाने की संभावना है. इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा संचालित कई निगमों और संस्थानों के अध्यक्षों के पद, जो लगभग एक साल से खाली पड़े हैं, को भी कैबिनेट की कवायद के बाद भरा जा सकता है. संकेतों के अनुसार, मंत्रिपरिषद का विस्तार और फेरबदल राज्य विधानमंडल के मानसून सत्र से पहले हो सकता है, जो आमतौर पर जुलाई में निर्धारित होता है.



## SC के फैसले के एक दिन बाद महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख ने राहुल गांधी से की मुलाकात, क्या चर्चा हुई?

महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की. इस मुलाकात के दौरान के बीच महाराष्ट्र के राजनीतिक संकट पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मद्देनजर राज्य की राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई है. बता दें कि गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने अपने फैसले में कहा था कि वह उद्धव ठाकरे की सरकार को फिर से बहाल नहीं कर सकते क्योंकि उन्होंने फ्लोर टेस्ट का सामना किये बगैर ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. वहीं कोर्ट ने अब शिंदे गुट के 16 विधायकों की अयोग्यता को लेकर फैसला करने का निर्णय महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर पर छोड़ा है और नियत समय में इस पर फैसला लेने को कहा है.

सूत्रों ने कहा कि पटोले ने गांधी को उच्चतम न्यायालय के फैसले के राजनीतिक परिणामों और महाराष्ट्र में पार्टी को और मजबूत करने के तरीकों से भी अवगत कराया. बता दें कि राज्य में कांग्रेस पार्टी, एनसीपी और उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ एमवीए के तहत गठबंधन में है और राज्य में अगला विधानसभा चुनाव साथ लड़ने की मांग कर रही है. सूत्रों की मानें तो राहुल गांधी जल्द ही महाराष्ट्र का दौरा कर सकते हैं. सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब सभी को महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर राहुल नार्वेकर के फैसले का इंतजार है. वैसे तो उद्धव ठाकरे गुट विधायकों की अयोग्यता से जुड़े मामले पर जल्द से जल्द फैसला लेने की मांग कर रहा है लेकिन राहुल नार्वेकर ने साफ तौर पर कहा है कि वे उचित समय के भीतर विधायकों की अयोग्यता के संबंध में फैसला लेंगे. उन्होंने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करता हूं और सभी पक्षों को सुनने के बाद तय प्रक्रिया के अनुसार इस पर फैसला लिया जायेगा.

# CBI ने समीर वानखेड़े पर दर्ज किया भ्रष्टाचार का केस

## मुंबई-दिल्ली समेत 29 ठिकानों पर मारा छापा



**नई दल्लिी,** सीबीआई ने आर्यन खान क्रूज मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के एक मामले में मुंबई एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े और तीन अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि सीबीआई ने इस मामले में मुंबई, दिल्ली, रांची (झारखंड) और कानपुर (उत्तर प्रदेश) में 29 ठिकानों पर छापेमारी की है।

**वानखेड़े ने आर्यन खान को किया था गरिफ्तार**

बता दें कि समीर वानखेड़े ने मुंबई नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का अधिकारी रहते हुए दो साल पहले कथित क्रूज ड्रग्स मामले में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान को गिरफ्तार किया था। वानखेड़े एनसीबी के मुंबई जोनल प्रमुख थे, जब उन्होंने एक क्रूज पर छापा मारा था।

**आर्यन को चार सप्ताह जेल में बिताने पड़े थे**

इस मामले में आर्यन खान को चार सप्ताह जेल में बिताने पड़े थे। आर्यन को मई 2022 में एंटी-ड्रग्स एजेंसी ने 'पर्याप्त सबूतों के अभाव में' सभी आरोपों से मुक्त कर दिया था।

**सीबीआई ने वानखेड़े पर दर्ज कयिा भ्रष्टाचार का केस**

वानखेड़े पर शाहरुख खान के परिवार से 25 करोड़ रुपए मांगने और उसमें से 50 लाख रुपये लेने का आरोप है। सीबीआई ने वानखेड़े और तीन अन्य के खिलाफ भ्रष्टाचार का केस दर्ज किया है। सीबीआई ने इस मामले में मुंबई, दिल्ली, रांची (झारखंड) और कानपुर (उत्तर प्रदेश) में 29 ठिकानों पर छापेमारी की है।

# मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को राहत

## महाराष्ट्र सरकार ने लिया ये बड़ा फैसला

**मुंबई:** महाराष्ट्र की सरकार ने मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह को बड़ी राहत दी है. परमबीर सिंह के खिलाफ सभी आरोपों को वापस ले लिया गया है. इसके साथ ही राज्य की सरकार ने दिसंबर 2021 में जारी निलंबन आदेशों को भी रद्द कर दिया और कहा कि सस्पेंसन के दौरान वो ड्यूटी पर थे.

गौरतलब है कि परमबीर सिंह जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और कदाचार के कई मामलों का सामना कर रहे थे. एंटीलिया बम मामले में कथित गड़बड़ी के चलते 17 मार्च 2021 को परमबीर सिंह को मुंबई पुलिस के कमिश्नर पद से हटा दिया गया था और उन्हें होमगार्ड विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई थी. सीबीआई ने परमबीर सिंह के खिलाफ लगे इन आरोपों की जांच अपने हाथ में ले ली थी और पांच अलग-अलग एफआईआर दर्ज किए गए थे. मुंबई पुलिस ने ये मामले दर्ज किए थे. 1988 बैच के अधिकारी परमबीर सिंह अपनी 32 साल की सेवा के दौरान मुंबई के कई जोन के डीसीपी भी रह चुके हैं. इसके अलावा मुंबई में हाई प्रोफाइल माने जाने वाले वेस्टर्न रीजन के एडिशनल कमिश्नर का पद भी संभाल चुके हैं. परमबीर सिंह, चंद्रपुर जिला और भंडारा जिले के एसपी रह चुके हैं. परमबीर सिंह एटीएस में डिप्टी आईजी का पद भी संभाल चुके हैं.



महाराष्ट्र के लॉ एंड ऑर्डर के एडिशनल DGP रह चुके है. मुंबई के नजदीक ठाणे जिले के पुलिस कमिश्नर रहते हुए परमबीर सिंह और उनकी टीम ने कई जाने-माने अपराध के खुलासे किए. परमबीर सिंह साल 2021 में तब चर्चा में आ गए थे जब उन्होंने तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को चिट्ठी लिखकर आरोप लगाया था कि गृह मंत्री अनिल देशमुख की तरफ से सचिन वाजे को कहा गया था कि वे 100 करोड़ रुपये हर महीने उगाही करे. अस्सिटेंट पुलिस इंस्पेक्टर सचिन वाजे को मुकेश अंबानी के घर एंटीलिया के पास मिले विस्फोटक मामले में गिरफ्तार किया गया था.



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### मार्गदर्शक निष्कर्ष...

देश की शीर्ष अदालत ने जहां एक ओर महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे सरकार को गिराने के लिये चले राजनीतिक प्रपंच में राज्यपाल की भूमिका और शिंदे गुट की राजनीतिक तिकड़मों पर सवाल उठाये, वहीं एक फैसले में दिल्ली सरकार को अधिकार देकर दायित्वों के निर्वहन के लिये सक्षम बनाया है। यह विडंबना ही है कि जिन मुद्दों को लोकतांत्रिक मूल्यों व सर्वमान्य कायदों के आधार पर सुलझाया जा सकता है, उन्हें राजनीतिक जिद और अहंकार से इतना जटिल बना दिया जाता है कि उन पर अदालतों को निर्णय देने पड़ते हैं। जाहिर है देश के अन्य महत्वपूर्ण व जरूरी मुद्दों पर समय देने के बजाय अदालतों को टाले जा सकने वाले मुद्दों पर उलझना पड़ता है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र में चले राजनीतिक ड्रामे के बाबत कहा कि उद्धव ठाकरे को फिर से मुख्यमंत्री नहीं बनाया जा सकता। वजह है कि उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया था। लेकिन साथ ही कहा कि जून 2022 में राज्यपाल द्वारा महाराष्ट्र विधानसभा में फ्लोर टेस्ट का आदेश नियमों के अनुरूप नहीं था। वहीं दूसरी ओर कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने वाली याचिका पर फैसला लेने को कहा है। दरअसल, विगत में मुख्यमंत्री रहते हुए उद्धव ठाकरे ने पार्टी व्हीप का उल्लंघन करने वाले 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग की थी। कोर्ट का कहना था कि फ्लोर टेस्ट का प्रयोग किसी दल की आंतरिक कलह सुलझाने के लिये कदापि नहीं किया जा सकता। उल्लेखनीय है कि यह स्थिति महाराष्ट्र में बीते साल जून में सोलह विधायकों के बागी होने की बाद पैदा हुई थी। कालांतर एकनाथ शिंदे ने भाजपा से मिलकर सरकार ही नहीं बनायी बल्कि चुनाव आयोग से पार्टी का हक व सिंबल भी ले लिया था। जिसके बाद उद्धव ठाकरे ने शीर्ष अदालत की शरण ली थी। मामले को कालांतर पांच सदस्यीय संविधान पीठ को सौंपा गया था। फिलहाल शीर्ष अदालत ने दोनों गुटों की दलीलें सुन ली हैं और फैसले पर शिंदे सरकार का भविष्य निर्भर करेगा। वहीं दिल्ली सरकार के अधिकारों को लेकर केजरीवाल सरकार व एलजी के बीच लंबे समय से चले आ रहे टकराव पर गुरुवार को शीर्ष अदालत ने मार्गदर्शक फैसला दिया है। अधिकारों को लेकर जारी कानूनी लड़ाई के बात शीर्ष अदालत ने फैसला दिया कि अधिकारियों की तैनाती और स्थानांतरण का हक दिल्ली सरकार का है। जो अब तक दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर को ही था। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि भूमि, लोक व्यवस्था तथा पुलिस केंद्र सरकार के अधिकार के दायरे में रहेगी। निस्संदेह, यह फैसला वर्ष 2019 में आये विभाजित फैसले से इतर स्पष्ट व मार्गदर्शक है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि जनता द्वारा चुनी गई दिल्ली सरकार के प्रत्येक कार्यक्षेत्र में एलजी दखल नहीं दे सकते। अधिकारियों की तैनाती व तबादले का अधिकार जनता द्वारा चुनी सरकार के पास होना तार्किक ही है। दरअसल, मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आरोप लगाते रहे हैं कि केंद्र सरकार द्वारा तैनात अधिकारी उन्हें काम नहीं करने दे रहे हैं क्योंकि उनकी नियुक्ति व तबादले का अधिकार उनकी सरकार के पास नहीं है। निस्संदेह, सुप्रीम कोर्ट का फैसला सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था के लिये ही नहीं बल्कि इसके राजनीतिक मायने भी हैं। निस्संदेह, इससे केजरीवाल सरकार का मनोबल बढ़ेगा। आप दलील देती रही है कि जो जनता हमें सरकार बनाने का जिम्मा सौंपती है, नौकरशाहों के जरिये उनके लिये काम करने का अधिकार भी हमें होना चाहिए। ऐसी विकट स्थिति में हम जनता के दरबार में फिर किस मुंह से जाते?

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# गूगल पर नौकरी की तलाश, ठहरिए!

# पैसे हो सकते है खत्म...!



**मुंबई :** गूगल पर नौकरी की तलाश कर रही एक महिला के साथ ऑनलाइन ठगी होने का मामला सामने आया है। गूगल पर नौकरी खोजने के बाद, महिला को एक कॉल आया और उसे होटलों की समीक्षा करने के लिए कहा गया। महिला को समीक्षा देने का कार्य दिया गया और कार्य प्राप्त करने के लिए पैसे जमा करने के लिए कहा गया। टास्क पाने के लिए महिला ने 10 लाख रुपए जमा किए लेकिन उसे कोई भी टास्क नहीं मिला।

बांद्रा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजश्री शंखे (48) ने पुलिस को शिकायत दी है कि वह नौकरी ढूंढ रही थी और नौकरी पाने के लिए वह गूगल पर सर्च कर रही थी, कि वैकेंसी है या नहीं। गूगल पर वैकेंसी सर्च करने के बाद अमोली नाम के शख्स ने उसे फोन किया और कहा कि वह टारगेट जी कंपनी के एचआर से बात कर रहा है। अमोली ने सांखे को उनकी कंपनी में शामिल होने के लिए दिए गए लिंक https://t.me/Ekt7231 पर क्लिक करने के लिए कहा। इस लिंक पर क्लिक करते ही सांखे टेलीग्राम ग्रुप में जुड़ गई। शंखे से उसने कहा गया कि होटल का ऑनलाइन रिव्यू देने के लिए आपको 150 रुपए मिलेंगे, जिसे सांखे ने स्वीकार कर लिया। शंखे को एक होटल का नाम दिया जिसका उन्होंने रिव्यू दिया और सांखे के गूगल अकाउंट में 150 रुपये जमा कर दिए गए। इसके बाद सांखे को कुछ और लिंक दिए गए जिनका उन्होंने रिव्यू किया और उनके पैसे उनके गूगल अकाउंट में जमा हो गए। इसके बाद शंखे से कहा गया कि अगर उसे कोई बड़ा काम चाहिए तो उसे पैसे देने होंगे, जिस पर शंखे राजी हो गई। इसके बाद शंखे को एक लिंक भेजा गया और उसमें अपनी डिटेल भरने को कहा गया, सांखे ने वहां डिटेल दी, फिर उसके नाम से अकाउंट बनाया गया और उसकी आईडी उन्हें दे दी गई। इसके बाद सांखे ने दो हजार रुपए जमा किए, इसके बदले में उसे एक टास्क दिया गया और टास्क पूरा होते ही उसे दी गई आईडी में पैसे क्रेडिट कर दिए गए। शंखे पैसे भरती रही और टास्क मिलता रहा। शंखे टास्क पूरा करती रही और उसे दिए गए आईडी में पैसे जमा होता रहा। शंखे की आईडी पर कुल 7 हजार रुपए जमा हुए थे, तब शंखे वह नौकरी छोड़ना चाहती थी। लेकिन उन्हें कहा गया कि यह टास्क ग्रुप है, टास्क पूरा किए बिना नहीं जा सकता, तो सांखे ने 30 हजार रुपए और भरे फिर टास्क ले लिया। 30,000 रुपये देने के बाद शंखे को बताया गया कि उसके द्वारा भेजा गया पैसा कंपनी को नहीं मिला, इसलिए दोबारा पैसे ट्रांसफर कर दो। शंखे लगातार पैसे ट्रांसफर करती रहीं। जब उनके पास पैसे नहीं बचे तब उन्होंने अर्जेंट लोन के लिए अप्लाई किया और फिर बैंक से आये पांच लाख रुपए भी ट्रांसफर कर दिया। शंखे ने टास्क पाने के लिए 9.95 लाख रुपए ट्रांसफर किए थे, लेकिन उन्हें टास्क नहीं मिला और पैसे नहीं लौटाए गए। तब शंखे समझ गई कि उनके साथ धोखा हुआ है। इसके बाद शंखे ने बांद्रा पुलिस को शिकायत दी। राजश्री शंखे की शिकायत पर बांद्रा पुलिस ने आईपीसी की धारा 420 और आईटी एक्ट 66(क) और 66(ड) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कंप्रेस्ड एयर फोम सिस्टम बुझाएगा टावर की आग

## मनपा में खरीदा 65 उपकरण



**मुंबई:** गगनचुंबी इमारतों की संख्या मुंबई में तेजी से बढ़ी है। टोल जंग खड़ी हो रही इमारतों में आग लगने की घटनाएं भी बढ़ गई हैं. इन इमारतों में होने वाली घटनाओं में दमकल जवानो को आग पर काबू पाने में बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। मनपा प्रशासन ने टावर में लगी आग पर प्राथमिक स्तर पर काबू पाने के लिए नवीनतम तकनीक पर आधारित कंप्रेस्ड एयर फोम सिस्टम के साथ है प्रेशर वॉटर मिस्ट प्रणाली का उपयोग करने का निर्णय लिया है मनपा प्रशासन जल्द ही 65 उपकरण खरीदने का निर्णय लिया है। दमकल विभाग का मानना है कि गगनचुंबी इमारतों में आग लगने की घटनाओ में दमकल जवानो को आग तक पहुंचने के लिए बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। टावर में आग लगने पर आग बुझाने में काफी दिक्कतें होती हैं, ऐसे में आग फैलने का डर ज्यादा रहता है। समय रहते आग पर काबू पा लिया जाए तो खतरे से बचा जा सकता है। इसके लिए नवीनतम तकनीक पर आधारित कंप्रेस्ड एयर फोम सिस्टम के साथ हाई प्रेशर वाटर मिस्ट सिस्टम बहुत मददगार होगा। यह उपकरण आग को नियंत्रित करने और आग को फैलने से रोकने और संभावित खतरे से बचने में मदद करेगा। इस डिवाइस को क्लास-ए, क्लास-बी अग्निशामकों की पीठ पर बैकपैक की तरह ले जाया जा सकता है और 1000 वोल्ट तक की बिजली को भी बुझाने में कामयाबी मिलेगी। मुंबई फायर ब्रिगेड ने 35 फायर स्टेशनों पर तत्काल पहुंचने वाले वाहनों और त्वरित प्रतिक्रिया वाहनों पर उपयोग के लिए कंप्रेस्ड एयर फॉर्म सिस्टम के साथ पोर्टेबल वाटर मिस्ट सिस्टम की 65 यूनिट खरीदने का फैसला किया है। अस्का इक्विपमेंट लिमिटेड को 65 उपकरण खरीदने का निविदा दी है। एक डिवाइस के लिए मनपा ने 3.77 लाख रुपए खर्च करते हुए कुल 2.55 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

## बांद्रा में फूटी पानी की पाइप लाइन

### लोगो को कड़ी गर्मी में झेलनी पड़ी पानी की समस्या



**मुंबई:** बांद्रा के एसवी रोड पर गुरुवार दोपहर करीब 3.30 बजे नौ इंच पानी की पाइप लाइन फट गई. पाइप लाइन फटने से बांद्रा स्टेशन परिसर में ट्रैफिक की समस्या भी खड़ी हुई पानी का भी बड़े पैमाने पर नुकसान हुआ। अधिकारियों ने जानकारी दी कि एसव्ही रोड पर चल रहे मुंबई मेट्रो के काम के कारण पाइप लाइन फटी । तड़पती गरमी से लोग पहले ही परेशान है। इस बीच पाइप लाइन फटने से लोगो को पानी की भी समस्या झेलनी पड़ी। मनपा के अधिकारियों ने कहा कि पाइप फटने के बाद वाल्व को बंद कर दिया गया जिससे परिसर में पानी की सप्लाई बंद हो गई। वाल्व करके पाइपलाइन से अलग कर दिया गया और फिर मरम्मत का काम शुरू किया गया।

मनपा अधिकारी ने बताया की पाइप लाइन फटने से इस परिसर में जलापूर्ति प्रभावित रहेगी।लोगो से पानी बचाकर उपयोग करने की अपील की गई है। अभी पिछले महीने की 24 अप्रैल को बांद्रा के वाटरफील्ड रोड पर पाली हिल जलाशय से सप्लाई होने वाले पानी की पाइप लाइन का एक इनलेट वाल्व खराब हो गया था जिसकी मरम्मत करने के में समय लगा था जिसके चलते बांद्रा, खार और सांताक्रुज क्षेत्र के कुछ हिस्सों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई थी उस समय भी लोगो को पानी कि समस्या से जूझना पड़ा था। गुरुवार को भी फटी पाइप लाइन का मरम्मत कार्य तेजी से चल रहा है आधी रात काम पूरा हो जाने की जानकारी जल विभाग ने दी

# शख्स ने डाली दोस्त की बीवी पर बुरी नजर, लाठी और पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या, 3 गिरफ्तार




**मुंबई :** महाराष्ट्र से मिली एक सनसनीखेज खबर के अनुसार यहां की राजधानी मुंबई मे एक व्यक्ति को बुरी तरह से पीट पीटकर मौत के घाट उतार दिया गया है।

जानकारी के अनुसार मुंबई के वर्ली इलाके में राजन दास नामक 42 वर्षीय व्यक्ति की लाठी और पत्थरों से इतनी पीटाई की गई है कि उसकी मौत हो गई है। फिलहाल पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

वर्ली पुलिस ने इस केस के सिलसिले में कार्रवाई करते हुए अब तक तीन आरोपियों को पकड़ा है। फिलहाल पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। मामले पर मुंबई पुलिस ने बताया कि, मुंबई के वर्ली इलाके में एक 42 वर्षीय व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या के मामले में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, अभियुक्तों की पहचान सचिन कावंडर,सदा कावंडर और भावेश साल्वे के रूप में हुई। मृतक ने कथित तौर पर सचिन कावंडर की पत्नी से यौन संबंध बनाने की मांग की थी जिसके चलते विवाद हुआ था।

# तीन इलाके, लाखों की आबादी और 3 घंटे बत्ती गुल

## 40 डिग्री की गर्मी के बाद घर में उबले मुंबईकर, 10 मई को क्या हुआ

**मुंबई:** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के पश्चिमी उपनगर के बांद्रा, खार और सांताक्रु जैसे इलाके बीती 10 मई की रात को बिजली कटौती से प्रभावित थे। इस बिजली कटौती का कारण इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (बिजली वितरण प्रणाली) में तकनीकी खराबी थी। जिसके चलते मुंबई के पश्चिमी उपनगर के कई इलाके अंधेरे में डूब गए। हालांकि, अडानी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड ने अपने ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। कंपनी के मुताबिक केबल की खराबी के चलते यह मुश्किल पैदा हुई थी। बिजली आपूर्ति को फिर से बहाल करने के लिए कंपनी के कर्मचारियों ने काफी प्रयास



किया और आधे घंटे के अंदर केबल की खराबी के कारण हुई रुकावट को अधिकांश ग्राहकों के लिए बहाल कर दिया गया। वहीं कटौती से परेशान लोगों के मुताबिक सांताक्रूज में तीन घंटे तक लोगों को गर्मी में उबालना पड़ा।

**पहले भी जा चुकी है मुंबई में बिजली**

मायानगरी मुंबई में बिजली जाने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पहले भी मुंबई शहर में बिजली कटौती हुई है। पिछले साल अप्रैल के महीने में मुंबई और आस-पास के इलाकों जैसे ठाणे, मुलुंड, अंबरनाथ, बदलापुर और डोंबिवली जैसे इलाके बिजली कटौती की चपेट में आये थे। तब पडघा में 400ड्ड सब स्टेशन में ट्रिपिंग के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई थी। हालांकि, बाद धीरे-धीरे बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई। बांद्रा, सांताक्रुज, खार, कुर्ला और चेंबूर के उपनगर और मध्य मुंबई में दादर 15 मिनट से अधिक समय तक बिजली कटौती से प्रभावित रहे। इसके अतिरिक्त, वडाला, सायन और धारावी के कुछ हिस्सों में बिजली गुल होने की खबर थी। मई 2023 में मुंबई में बिजली की भारी कमी के चलते बिजली आपूर्ति में दिक्कत पेश आयी। जिसके चलते एमएसईडीसीएल को भी राज्य के कई हिस्सों में लोड-शेडिंग करनी पड़ी।

# एनसीपी प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल पर ईडी ने कसा शिकंजा

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में पूछताछ के लिए बुलाया



**मुंबई :** महाराष्ट्र में प्रवर्तन निदेशालय ने एनसीपी के प्रदेशाध्यक्ष जयंत पाटिल को नोटिस थमा दिया है. उन्हें शुक्रवार को सुबह 11 बजे तक ईडी कार्यालय में हाजिर होने को कहा गया है. इस बार ईडी ने जयंत पाटिल को IL&FS मामले में नोटिस दिया है. इस मामले में ईडी राज ठाकरे से भी पूछताछ कर चुकी है. एक तरफ सुप्रीम कोर्ट में शिवसेना का मामला चल ही रहा है और उसमें आज फैसले का दिन है. वहीं दूसरी ओर जयंत पाटिल को मिले नोटिस से महाराष्ट्र की राजनीति गर्म हो गई है. बता दें कि पिछले दिनों IL&FS में कथित तौर पर वित्तीय अनियमितताओं का मामला प्रकाश में आया था. इस मामले में ईडी मनी लॉन्ड्रिंग की जांच कर रही है. इस मामले में एऊने बुधवार को ही 2 पूर्व ऑडिटर फर्मों इरफएंड एसोसिएट्स और डेलॉयट हास्किन्स एंड सेल्स के परिसर में दबिश दी थी. इन दोनों फर्मों पर ईडी का यह सर्च ऑपरेशन PMLA के प्रावधान के तहत चलाया गया था. ईडी सूत्रों के मुताबिक इस सर्च ऑपरेशन के दौरान केंद्रीय एजेंसी ने कई कर्मचारियों से पूछताछ की और कुछ संदिग्ध दस्तावेजों को जब्त किया था. ईडी के सूत्रों के मुताबिक IL&FS में कथित तौर पर घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला साल 2019 में सामने आया था. मामला तूल पकड़ने के बाद स्थानीय स्तर पर जांच हुई और जांच में मिले तथ्यों के आधार पर साल 2019 में ही ईडी ने भी अपनी जांच शुरू कर दी थी. उस समय IL&FS ग्रुप की कंपनियों IRL, ITNL के अलावा इन कंपनियों में तैनात अधिकारियों के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने केस दर्ज किया था.

ईडी सूत्रों के मुताबिक इस मामले में कोहिनूर कंस्ट्रक्शन को दिए गए कर्ज के मामले में राज ठाकरे से पूछताछ हो चुकी है. वहीं अब जयंत पाटिल को तलब किया गया है. ईडी की इस कार्रवाई से महाराष्ट्र की राजनीति में भूचाल आ गया है. राजनीतिक जानकारों का मानना है कि उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे के भविष्य को लेकर सुप्रीम कोर्ट महत्वपूर्ण फैसला आ सकता है. आशंका है कि सरकार अल्पमत में आ जाएगी. ऐसे में माना जा रहा है कि ऐन वक्त पर हो रही ईडी की यह कार्रवाई सरकार को बचाने या दूसरी सरकार बनाने में दबाव का काम करेगी. कहा जा रहा है कि जयंत पाटिल शरद पवार के करीबी हैं. ऐसे में संभव है कि सरकार अल्पमत में आने के बाद एनसीपी बीजेपी की सरकार बनाने में सहयोगी बन जाएगी.

# सायबर फ्रॉड को देखते हुए पुलिस की एडवाइजरी जारी...

## वाट्सअप इस्तेमाल पर जारी की गई एडवाइजरी

**मुंबई :** मुंबई से सटे मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस ने सायबर फ्रॉड को देखते हुए, वाट्सअप इस्तेमाल करनेवालों के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसके तहत वाट्सअप इस्तेमाल करनेवाले लोगों को सुरूवाती नंबर बताए गए हैं। जिससे वाट्सअप कॉल आने पर उसे अटेंड न करने या उपकर रिस्पॉन्स न करने के लिए कहा गया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए एडवाइजरी में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से पता चल रहा है कि लोगों को अंतराष्ट्रीय नंबर से कॉल आ रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय नंबर +84, +62, +60 और +92 से शुरू होने वाले होते हैं। इन नंबरों से फोन आने कब बाद कुछ न कुछ करके मोबाइल या कंप्यूटर का एक्सेस प्राप्त कर लिया जाता है और फिर उन्हें सायबर ठगी का शिकार बनाया जाता है। जिन आईएसडी



कोड से फोन आते हैं वो बताते हैं कि व्हाट्सएप उपयोगकर्ता मलेशिया, केन्या, वियतनाम और इथियोपिया जैसे देशों से लगातार फोन प्राप्त होते हैं।

**किसी भी लिंक पर क्लिक न करें**

जारी किए गए एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि किसी भी अज्ञात नंबर से आये फोन या लिंक पर क्लिक न करें। ऐसा करने से आरोपी आपके मोबाइल का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं और आपके महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त कर आपके साथ ठगी ककर सकते हैं। आपकी बैंक डिटेल्स और ओटीपी प्राप्त कर अकाउंट भी साफ कर सकते हैं।

**वन स्टेप वेरिफिकेशन करें चालू**

अगर आप वाट्सअप का इस्तेमाल करते हैं तो आप अपने मोबाइल पर टू स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखें। इसके अलावा अज्ञात नंबर स्व कॉल आनेपर किसी भी प्रकार की ओटीपी उससे शेयर न करें और अगर गलती से आपके साथ सायबर फ्रॉड हो गया है तो तुरंत 1930 नंबर या www.cybercrime.gov.if पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# दिल्ली से मुंबई पहुंचकर डिजाइनर ड्रेस चुरानेवाली गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस ने चोरों के रैकेट का पदार्फाश करते हुए एक महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक महिला दिल्ली से मुंबई कार से आती थी और महंगे डिजाइनर ड्रेस और साड़ियां मुंबई में चोरी कर फिर से दिल्ली लौट जाती थी। पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपियों के साथ ड्राइवर भी मिला हुआ है, जो कार दिल्ली से चलाकर मुंबई लेकर आता था। मामले में तीन आरोपियों की तलाश में पुलिस अभी भी कर रही है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना में कुल चार महिलाएं शामिल है। यह महिलाएं एक ड्राइवर जो आरोपियों में से महिला का रिश्तेदार है, उसे लेकर दिल्ली से मुंबई गाड़ी में पहुंचते थे। पुलिस ने जिस महिला को गिरफ्तार किया हुआ है उसका नाम राजबाला बताया जा रहा है, महिला ने डेढ़ लाख रुपए का डिजाइनर ड्रेस काला घोड़ा की एक दुकान से चुराया था। इसकी



जानकारी दुकानदार को तब मिली, जब वह दुकान बंद करने लगा। जिसके बाद उसने एमआरए मार्ग पुलिस थाने में संपर्क किया और मामले में एफ आई आर दर्ज करवाई।

**महंगे ड्रेस चुराती थी महिलाएं**

राजबाला की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने जब उससे जांच की, तब पता चला कि इनका एक गिरोह है, जो महंगे ड्रेस और साड़ियां चुराता है। दिल्ली से मुंबई पहुंच कर ये लोग चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे और फिर उसे लेकर दिल्ली निकल जाते थे। जिससे यह पुलिस से बच जाते थे। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और महिला को अदालत ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**दो पैरों के बीच में होता था बैग**

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस गिरोह में 4 लोग शामिल होते थे। जिसमें से एक महिला सेल्समैन और दूसरे लोगों को कपड़े दिखाने में व्यस्त रखती थी। जबकि दूसरी दो महिलाएं दो तरफ से नजर बाहर तक ना पहुंचे इसलिए उसे कवर करके रखती थी। इसके बाद जो चौथी महिला जो होती थी वह डिजाइनर ड्रेस चोरी करती थी और फिर वही से निकलकर यह लोग कार में बैठकर दिल्ली के लिए रवाना हो जाते थे।




# १० लाख में मिलेगी हार्ट मशीन, हार्ट को करना होगा चार्ज



**मुंबई** : आधुनिक तकनीक की मदद से इंसान चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रगति कर रहा है। वैज्ञानिक अब लैब में दिल, किडनी, त्वचा एवं धमनियों जैसे कई संवेदनशील इंसानी अंगों के निर्माण का प्रयास कर रहे हैं। इसमें काफी हद तक वैज्ञानिक कामयाब भी हुए हैं। आईआईटी कानपुर ने भी अब ऐसा ही क्रांतिकारी प्रयास किया है। आईआईटी कानपुर ने अब तक का सबसे सस्ता कृत्रिम हृदय भी बनाया है। कानपुर आईआईटी के क्रांतिकारी आविष्कार से अब दिल के मरीजों को अपनी सांसें यानि धक..धक.. वापस पाने के लिए २५-३० लाख नहीं बल्कि सिर्फ १० लाख रुपए खर्च करने पड़ेंगे।

कानपुर आईआईटी द्वारा तैयार किया गया कृत्रिम हृदय शरीर के एक हिस्से को दूसरे हिस्से से जोड़ेगा। इससे पूरे शरीर में रक्त की आपूर्ति संभव हो सकेगी। इसका डिजाइन कंप्यूटर सिमुलेशन की मदद से तैयार किया गया है। इस पंप के अंदर मौजूद टाइटेनियम को बिल्कुल ब्लड वेसल्स की तरह डिजाइन किया गया है। वैज्ञानिकों द्वारा बनाया गया हृदय उन लोगों के लिए जीवन रक्षक हो सकता है, जिनकी हृदय वाहिकाएं उचित दबाव पर रक्त पंप करने में असमर्थ होती हैं। गौरतलब हो कि मार्वेष्ठट में फिलहाल उपलब्ध कृत्रिम दिल की कीमत कम से कम २५ लाख से एक करोड़ के बीच है। लेकिन आईआईटी कानपुर द्वारा विकसित हार्ट मशीन सिर्फ १० लाख में मिलेगी। मानव हृदय निरतंर शरीर के विद्युत क्षेत्र से ऊर्जा प्राप्त कर रहा है लेकिन कृत्रिम हृदय को बाहर से ऊर्जा की आपूर्ति की जाएगी। इसके बाद हार्ट मशीन को शरीर में प्रत्यारोपित करने के बाद इसकी चार्जिंग की व्यवस्था होगी। चार्ज करते समय कम से कम शोर और गर्मी पैदा करने का ध्यान रखा जाएगा। फिलहाल उक्त कृत्रिम दिल का एनिमल ट्रायल आईआईटी कानपुर की लैब और हैदराबाद की एक कंपनी में चल रहा है। यदि निष्कर्ष संतोषजनक रहे, तो अगले दो वर्षों में इस कृत्रिम हृदय को मनुष्यों में प्रत्यारोपित करना संभव होगा। इससे अंग प्रत्यारोपण अब बहुत आसान और सुविधाजनक हो जाएगा तथा महंगा इलाज किफायती दरों पर संभव हो सकेगा। इससे बेशकीमती इंसानी जीवन बचाने में बड़ी मदद मिलेगी।

# चोरों का शिकार बने पीड़ितों को पुलिस ने बड़ा तोहफा, बरामद किया गया माल वापस लौटाया



**वसई** : मीरा-भायंदर, वसई-विरार पुलिस आयुक्तालय अंतर्गत परिमंडल ३ के पेल्हार, विरार, मांडवी, नालासोपारा व अनार्ला पुलिस थानों की हद में चोरों का शिकार बने पीड़ितों को कल पुलिस ने बड़ा तोहफा दिया। पुलिस ने पीड़ितों को चोरों से बरामद किया गया माल वापस लौटा दिया, जिससे नागरिकों के चेहरे पर खुशी की लहर देखने को मिली। पुलिस द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य की नागरिकों ने जमकर प्रसंशा भी की है। मिली जानकारी के अनुसार, नालासोपारा, विरार पुलिस स्टेशन में 'मुद्देमाल वितरण कार्यक्रम' आयोजित किया गया, जिसमें नालासोपारा, विरार पुलिस स्टेशन के अलावा पेल्हार, मांडवी व अनार्ला पुलिस स्टेशन के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में ५ पुलिस स्टेशनों में दर्ज विभिन्न मामलों के आरोपितों से सामान जप्त कर नागरिकों को वापस किया गया। पुलिस के मुताबिक, विभिन्न थानों में दर्ज चोरी, लूट, छिनैती व सेंधमारी जैसे गंभीर मामलों को पुलिस ने अपनी सूझ-बूझ एवं मेहनत से सुलझाया तथा अपराध की विवेचना के दौरान आरोपियों के पास से बरामद चोरी-लूट आदि लगभग ८३ लाख ७५ हजार ४८४ रुपए का कीमती सामान व मोबाइल फोन आदि नागरिकों को पुलिस अधिकारियों के हाथों वापस लौटाया गया।

# मुख्यमंत्री के हाथो शिलाई मशीन, घरघंटी और मसाला पिसने की मशीन दी जाएगी



**मुंबई** : मनपा के जेंडर बजट से मुंबई की 27 हजार महिलाओं को उनके खुद के पैर खड़े होने के लिए शिलाई मशीन और मसाला पीसने की मशीन सहित गेहूं पीसने की घर घंटी दी जाएगी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हाथो शनिवार को सोमैया मैदान में महिलाओं को सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। बता दे कि मनपा प्रशासन के नियोजन विभाग द्वारा गरीब महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सामग्री उपलब्ध कराई जाती है।मनपा के 24 वार्ड की गरीब महिलाओं को उन्हे स्वयं रोजगार उपलब्ध कराने के लिए शिलाई मशीन, मसाला पीसने की मशीन और घर घंटी उपलब्ध कराई जाती है। मनपा ने गरीब महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए 44 करोड़ रुपया खर्च कर 12 हजार 632 शिलाई मशीन, 12 हजार 482 घरघंटी, और 1917 मसाला मशीन दी जाएगी। गरीब महिलाओं को उनके पैर पर खड़े होने और रोजगार करने के लिए के लिए मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने महिलाए रोजगार कर सके इस तरह का निर्णय लिया।महिलाओं को रोजगार करने के लिए शिलाई मशीन, मसाला पीसने की मशीन , और गेहूं पीसने की मशीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया जिससे महिलाए अपने घर में बैठकर रोजगार कर सके और अपने पैर पड़ खड़ी हो सके। मनपा सहायक आयुक्त प्रशांत गायकवाड ने जानकारी दी कि जेंडर बजट के द्वारा महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए मशीनें उपलब्ध कराई जा रही है। इन मशीनों की खरीदारी के लिए 44 करोड़ रुपए खर्च किए गए है ।

# मनपा आयुक्त चहल ने आदित्य ठाकरे को दिया जवाब...

## मनपा के काम काज में नहीं है कोई भ्रष्टाचार



**मुंबई** : मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे द्वारा मनपा के कामों में भ्रष्टाचार के लगाए आरोपों पर खुलासा करते हुए कहा है कि मनपा के काम काज में किसी तरह का कोई घोटाला नही हो रहा है।मनपा आयुक्त ने आदित्य ठाकरे के सभी आरोपों का सविस्तार रूप से जवाब देते हुए कहा कि मनपा में चल रहा काम काज पूरी तरह पारदर्शी है। आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल रमेश वैश्य को मिलकर मनपा के काम काज में चल रहे भ्रष्टाचार को लेकर लोकायुक्त से जांच कराने की मांग की थी। बता दे कि शिवसेना उद्धव गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने राज्यपाल रमेश वैश्य से मिलकर मांग रखी थी कि मनपा प्रशासन ने 400 किमी सड़क के कामों का 6 हजार करोड़ का ठेका दिया। इसी तरह तरह स्ट्रीट फर्नीचर और सैनिटरी नैपकीन व्हेंडिंग मशीन की खरीदी में भी किसी तरह का भ्रष्टाचार नहीं हुआ है इस तरह की जानकारी मनपा आयुक्त चहल ने आदित्य ठाकरे के आरोपों के दिए खुलासे में दिया।मनपा आयुक्त ने कहा है कि 8 मार्च 2022 में सत्ता नही रह गई हैं।राज्य सरकार ने मनपा आयुक्त इकबाल सिंह चहल को मनपा अधिनियम के कलम 69 ( क ) के तहत प्रशासक को जवाबदारी दी है। मनपा आयुक्त उसी नियम के आधार पर काम कर रहे है।मनपा आयुक्त ने जानकारी दी कि सड़क के सीमेंट कंक्रीट करण के काम में भी किसी तरह का कोई नियम के साथ खिलवाड़ नहीं किया गया है।मनपा ने सड़क के सीमेंट कंक्रीट कामों के लिए निविदा प्रक्रिया करने के लिए तीन अखबारों में समय समय पर खुलासा किया है।मनपा आयुक्त ने कहा है कि 400किमी सड़क का सीमेंट कंक्रीट करने का काम एक साथ इतनी बड़ी मात्रा में दिया गया है। मनपा आयुक्त ने कहा है कि मनपा ने ज्वाइंट वेंचर में काम करने की अनुमति दी है। मनपा आयुक्त ने कहा है कि सड़क कामों का ठेका देते समय ठेकेदार का 20 प्रतिशत पैसा डीएलपी होने तक मनपा के पास जमा रहेगी। जिससे ठेकेदारों पर सड़क निर्माण कार्य में गुणवत्ता को लेकर लगाम लगी रहेगी। स्ट्रीट फर्नीचर के काम में भी 19 वार्डो में एकरूपता एवं विभिन्न व्यवस्थाओं के बीच समन्वय हेतु प्रचलित निविदा नियम एवं शर्तों के अनुसार ऑनलाइन 'एसएपी' प्रणाली के अंतर्गत स्ट्रीट फर्नीचर निविदा प्रक्रिया लागू की गई. विभागीय कार्यालयों की मांग को ध्यान में रखते हुए निविदाओं में शामिल स्ट्रीट फर्नीचर की आवश्यकताओं का निर्धारण किया गया था। साथ ही इन सभी प्रक्रियाओं के बाद कुल 13 प्रकार के स्ट्रीट फर्नीचर का निर्धारण कर टेंडर में शामिल किया गया है ।

# सायबर फ्रॉड को देखते हुए पुलिस की एडवाइजरी जारी




**मुंबई** : मुंबई से सटे मीरा-भाईंदर, वसई-विरार पुलिस ने सायबर फ्रॉड को देखते हुए, वाट्सअप इस्तेमाल करनेवालों के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिसके तहत वाट्सअप इस्तेमाल करनेवाले लोगों को सुरूवाती नंबर बताए गए हैं। जिससे वाट्सअप कॉल आने पर उसे अटेंड न करने या उपकर रिस्पॉन्स न करने के लिए कहा गया है। पुलिस द्वारा जारी किए गए एडवाइजरी में कहा गया है कि पिछले कुछ दिनों से पता चल रहा है कि लोगों को अंतराष्ट्रीय नंबर से कॉल आ रहा है। यह अंतरराष्ट्रीय नंबर +84, +62, +60 और +92 से शुरू होने वाले होते हैं। इन नंबरों से फोन आने कब बाद कुछ न कुछ करके मोबाइल या कंप्यूटर का एक्सेस प्राप्त कर लिया जाता है और फिर उन्हें सायबर ठगी का शिकार बनाया जाता है। जिन आईएसडी कोड से फोन आते हैं वो बताते हैं कि व्हाट्सएप उपयोगकर्ता मलेशिया, केन्या, वियतनाम और इथियोपिया जैसे देशों से लगातार फोन प्राप्त होते हैं। जारी किए गए एडवाइजरी में यह भी कहा गया है कि किसी भी अज्ञात नंबर से आये फोन या लिंक पर क्लिक न करें। ऐसा करने से आरोपी आपके मोबाइल का एक्सेस प्राप्त कर सकते हैं और आपके महत्वपूर्ण दस्तावेज प्राप्त कर आपके साथ ठगी ककर सकते हैं। आपकी बैंक डिटेल्स और ओटीपी प्राप्त कर अकाउंट भी साफ कर सकते हैं। अगर आप वाट्सअप का इस्तेमाल करते हैं तो आप अपने मोबाइल पर टू स्टेप वेरिफिकेशन चालू रखें।







हम में से कई लोगा ऐसे हैं जिन्हें चैन की नींद नहीं आती, और जब नींद आती है तो डरावने सपने आने लगते हैं, जिससे घबराहट के साथ उनकी नींद खुल जाती है। कई बार इसके पीछे कोई विशेष कारण जिम्मेदार होता है, लेकिन कभी बिना कारण के भी आपकी नींद इस तरह से हराम हो जाती है।

क्या आप जानते हैं कि इस तरह के सपने क्यों आते हैं? कहीं इसका कारण आपका तनाव या डिप्रेशन तो नहीं?

जी हां, एक अध्ययन के मुताबिक इस तरह के सपने आने का मतलब है कि डिप्रेशन आप पर हावी हो रहा है और आप अच्छी तरह से सो नहीं पा रहे हैं।

फिनलैंड विश्वविद्यालय और फिनिश नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड वेलफेयर के शोधकताओं ने एक साथ मिलकर 2007 और 2012 में किए गए दो क्रॉस सेक्शनल सर्वे को विश्लेषित किया और उसके आधार पर यह परिणाम निकाले। इस सर्वे में भाग लेने वाले व्यक्तियों की उम्र 25 साल से लेकर 74 साल की थी।

शोधकताओं ने पाया कि 3.9 प्रतिशत लोगों को पिछले 30 दिनों में लगभग हर दिन बुरे सपने दिखाई दिए हैं। इनमें 4.8 प्रतिशत महिलाएं व 2.9 प्रतिशत पुरुष शामिल थे। इसमें पाया गया कि 28.1 प्रतिशत लोगों को अवसाद (डिप्रेशन) व 17.1 के प्रतिशत लोगों को कम सोने की वजह से ये सपने आते हैं।

शोधकताओं ने पाया कि इस प्रकार के सपने अनिद्रा, थकान, डिप्रेशन के लक्षण और स्वयं के प्रति नकारात्मक रवैया रखने के कारण आते हैं। अगर आप इस तरह के सपनों से बचना चाहते हैं और चैन की नींद सोना चाहते हैं, तो आपको तनाव और डिप्रेशन से बाहन निकलने की जरुरत है।

## बहुत जरूरी है भरपूर मीठी और गहरी नींद




स्वस्थ रहने के लिए नींद बेहद आवश्यक है, अतः सारी चिंताओं, परेशानियों, तनाव आदि से दूर रहकर सुकून की नींद लेनी चाहिए। भरपूर नींद न लेने पर कई रोग जैसे- आंखों में सूजन होना, स्मरण शक्ति में कमी आना, आलस्य, थकान, तनाव, कमजोरी, मतिभ्रम, असंतुलन की स्थिति होना आदि घेर लेते हैं।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी नींद को आवश्यक माना गया है।

बेहतर नींद के लिए जरूरी है कुछ बातों का ख्याल रखना-

1- अच्छी नींद के लिए सर्वप्रथम अपनी दिनचर्या को निर्धारित करें।
2- नींद का समय निश्चित कर लेना चाहिए। वैसे रात्रि में 10-11 बजे तक सोने की आदत होनी चाहिए।
3- रात को जल्दी सोने एवं प्रातः जल्दी उठने से मन प्रसन्न रहता है। शरीर भी फुतीर्ला रहता है।
4- रात को गरिष्ठ भोजन का त्याग करें। भोजन हल्का करें। सोने के दो घंटे पूर्व भोजन कर लेना चाहिए।
5- भोजन करने के पश्चात टहलने अवश्य जाएँ, जिससे भोजन ठीक तरह से पच जाए।
6- सोने से पूर्व मालिश को भी उत्तम माना गया है।
7- मदिरा सेवन का त्याग करें एवं बेवजह तनाव को मस्तिष्क में उत्पन्न न होने दें।
8- बिस्तर भी स्वच्छ एवं आरामदायक होना चाहिए।
9- यदि किसी भय, चिंता के कारण नींद नहीं आ रही हो, तो उस तरफ से अपना ध्यान हटाने की कोशिश करें। इसके लिए मस्तिष्क को शांत रखें।
10- अपने आसपास के वातावरण को अपने लायक बनाएं। अपने आसपास सुंदर एवं मनभावन वस्तुओं को देखें, अच्छा साहित्य पढ़ें, अच्छी बातें सोचें, जिससे आप निःसंकोच मीठी नींद ले सकें।

व्यंग लेख

साभार-वेब दुनिया

# हाय, ये व्हॉट्स एप चैटिंग के शॉर्ट फॉर्म

चैटिंग के दौरान यूजर्स अक्सर तेजी से टाइपिंग करने और कम शब्दों में मैसेज को लिखने के लिए शॉर्ट वर्ड्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में चैटिंग के दौरान कई ऐसे शॉर्ट वर्ड्स आ जाते हैं, जो पढ़ने वाले यूजर्स की समझ में नहीं आते और उसे परेशान कर देते हैं। लेकिन इस विचित्र भाषा का प्रयोग करके लोग अपनी ही भाषा को खराब कर रहे हैं...

सोशल मीडिया की दुनिया से आज बहुत कम लोग अछूते हैं। हम में से अधिकतर लोग व्हॉट्सएप पर चैट करते हैं, लेकिन अपने ऑनलाइन फ्रेंड से चैटिंग हो किस भाषा में रही है, यह भी तो देखिए। चैटिंग की दुनिया में लगभग हर शब्द का शॉर्ट फॉर्म बना लिया जाता है। मैसेंजर पर चैटिंग की एक मजेदार और कुछ नया सीखने वाली दुनिया है।

**-GM- -HRU-** इन शब्दों को इस्तेमाल करने में भरपूर मजा आता है या सही शब्दों को इस्तेमाल करने में आलस? जो भी कहिए, इन शब्दों से जिस चैटिंग की बुनावट की जा रही है, वह पढ़ने में तो बहुत ही रोमांचक है, लेकिन कुछ लोगों को यह इर्रिटेटिंग भी लगते हैं। सोशल मीडिया और चैटिंग एप्स पर इस विचित्र भाषा का आविष्कार युवा पीढ़ी ही कर रही है।




**watt do ewwww think?** यह भाषा पढ़ने में ही नहीं, दिखने में भी बहुत आकर्षक लगती है। हमारे देश में लोग पैसे देकर अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन जैसी अनेक भाषाएं सीखते हैं। लेकिन ये एक ऐसी भाषा है, जो आप अपने दोस्त से चैटिंग करके सीख सकते हैं, वह भी मुफ्त में। अरे... दोस्तों तक तो ठीक है, पर जब आप अपने से किसी बड़े को ऐसा मैसेज भेजें और वे इसका मतलब ही न समझ पाएं... बेटा ये कौन सी विचित्र भाषा है? जरूरी नहीं है कि युवा पीढ़ी इस भाषा का प्रयोग कर रही है तो ये पुरानी पीढ़ी को भी पसंद आए। हां, ये जरूर हो सकता है सामने वाला गुस्से में आपको रिप्लाई ही ना करे।

चैटिंग पर प्यार का इजहार करना तो आजकल इतना आसान हो गया है, जैसे कि ब्रेड पर बटर लगाना, लेकिन बटरिंग कर भी रहे हो तो अच्छे से करो पूरा. I LOVE YOU - लिखने का कष्ट भी लोग नहीं करके **- I LV U-** लिख देते है। चलिए, यहां तक तो ठीक पर जब ये -I LV EEWWWWW- या फिर -ILU- बन जाता है, तो फीलिंग्स बस सिमटकर ही रह जाती हैं। मतलब प्यार के इजहार में भी शब्दों की ही नहीं, अक्षरों की कंजूसी। और तो और, इस **-I LV EEWWWWW-** को पढ़कर ऐसी फीलिंग आती है, जैसे कोई तम्बाकू खाते हुए प्रोपोज कर रहा है।

सिर्फ प्यार ही लोग आपकी किसी बात का रिएक्शन भी दे सकते है, जैसे -**AHMMM AHMMM-**, इसे पढ़कर कुछ गले में खराश जैसी आवाज का अनुभव होता है। चैटिंग पर अक्सर लोग यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि आप क्या कर रहे हैं। शायद इतना टाइप करने में आलस आता है या वक्त की कमी हो जाती है कि वे लिखकर पूछते है **-KKRH-..** ये तो किसी फिल्म के शार्ट फॉर्म के जैसा लग रहा है। और तो और, इसका जवाब अगर हो **-TP-** तो मतलब हुआ time pass..

फेसबुक, व्हॉट्सएप बर्थडे की शुभकामनाएं कुछ लोग तो बड़े ही रंगीन तरीके से देते हैं वीडियो, इमोजी या बड़ा सा मैसेज लिखकर और कुछ तो -HAPPY BIRTHDAY- इन दो शब्दों को भी **-HBD-** लिखकर विश करते हैं, शायद ये सोचकर कि इतना भी कौन टाइप करे? इतनी देर में तो केक पर लगी बेचारी मोमबत्तियां भी नहीं बुझ पातीं जितनी देर में ये **-HBD-** टाइप हो जाता है।

लोग तो हालचाल पूछने में भी how are you की जगह -**HRU**- टाइप करते हैं। अब इतना भी टाइप करके सामने वाले पर एहसान क्या करना? और जब किसी को thank you बोलना हो तो **-TY-** बोलकर निपटा देना।

अब तो ऐसा लगता है कि इस विचित्र भाषा का इस्तेमाल करने की लोगों की आदत हो चुकी है और उन्हें शायद ही इस बात का अहसास हो कि इस तरह से वे अपनी ही भाषा खराब कर रहे हैं।

# शिंदे गुट के विधायकों की धड़कनें हुई तेज

# अब तक नहीं हो सका है घरेलू कामगार महिलाओं का पंजीकरण...

**मुंबई :** असंख्य घरेलू कामगार महिलाओं का पंजीकरण सरकार के कामगार कल्याण मंडल में अब तक नहीं हो सका है और जो पंजीकृत थीं उनका नूतनीकरण नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते ये महिलाएं विभिन्न योजनाओं से वंचित रह गई हैं। सावित्रीबाई फुले घरेलू कामगार संघटना ने कामगार मंत्री को पत्र देकर इन घरेलू कामगार महिलाओं के पंजीकरण करने की मांग करते हुए उन्हें तुरंत पात्र सदस्य बनाकर सरकारी योजनाओं में शामिल करने की विनती की है। महाराष्ट्र में लगभग ३५ से ४० लाख घरेलू कामगार महिलाएं रोजाना दूसरों के घरों में काम करके अपना गुजारा करती हैं। इनकी आमदनी काफी काम होती



है, यही ध्यान में रख कर इनके लिए सरकारी योजनाएं भी शुरू की गयी हैं लेकिन इन योजनाओं का लाभ उन्हीं घरेलू कामगारों को मिलता है, जिनका पंजीकरण कामगार कल्याण मंडल में हुआ है। सावित्रीबाई फुले घरेलू कामगार संघटना के प्रमुख सुभाष मराठे के अनुसार, महाराष्ट्र में ३५ से ४० लाख घरेलू कामगार महिलाएं हैं, जिनमें से मुंबई-ठाणे में इनकी संख्या १० से १२ लाख के आसपास है। सावित्रीबाई फुले घरेलू कामगार संघटना में लगभग २७ हजार महिलाएं बतौर सदस्य जुड़ी हैं। इनमें से कामगार कल्याण मंडल में सिर्फ आठ हजार का ही रजिस्ट्रेशन हो सका है और यही योजनाओं के लिए पात्र हैं। इनमे से भी कई घरेलू कामगार महिलाएं कोरोना के बाद से अपना नूतनीकरण नहीं करा पाई हैं। इस वजह से ये सभी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं। ५५ वर्ष से अधिक की उम्र वाली पात्र महिलाओं को सरकार की 'सम्मान धन योजना' के तहत १०,००० रुपये दिए जाते हैं, लेकिन पंजीकरण नहीं होने के कारण कई महिलाओं को इस योजना से बाहर कर दिया गया है। मराठे के अनुसार, कामगार कल्याण मंडल में इन घरेलू कामगार महिलाओं को पंजीकृत सदस्य बनाकर सरकारी योजनाओं के लिए पात्रता देने के लिए कामगार कल्याण मंडल की ओर से एक कमेटी नियुक्त की जाती है। इस कमेटी में सरकारी प्रतिनिधि, घरेलू कामगार प्रतिनिधि और मालिक प्रतिनिधि ऐसे त्रिपक्षीय सदस्य होते हैं, लेकिन यह कमेटी अभी तक नहीं बन पायी है। जल्द ही इस कमेटी की दोबारा नियुक्ति की मांग सावित्रीबाई फुले घरेलू कामगार संघटना ने की है

# नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष को तुरंत देना चाहिए इस्तीफा - पटोले

**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट ने महाविकास आघाड़ी (मविआ) सरकार को गिराने में राज्यपाल की हर कार्यवाही को गलत बताया है। कांग्रेस का शुरू से आरोप था कि भाजपा ने राजभवन का गलत इस्तेमाल कर महाराष्ट्र में मविआ की सरकार गिराई। राज्य की शिंदे-भाजपा सरकार असंवैधानिक और अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर भी मुहर लगाई है। कोर्ट का यह फैसला राज्य सरकार के मुंह पर करारा तमाचा है। इसके बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और विधानसभा अध्यक्ष एड. राहुल नार्वेकर को नैतिकता के आधार पर तुरंत अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। यह मांग महाराष्ट्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने की है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने पहले दिन से ही मविआ सरकार को गिराने के कई प्रयास किए और राजभवन का भी गलत इस्तेमाल



किया। आघाड़ी सरकार को गिराने के लिए राज्यपाल समेत तमाम एजेंसियों ने जो पैछसले लिए हैं, वे गलत हैं। कोर्ट ने यह भी कहा है कि शिंदे गुट के विधायक भरत गोगावले को प्रतोद के रूप में नियुक्त करना गलत था। सुप्रीम कोर्ट द्वारा फैसला सुनाते समय की गई टिप्पणियों से यह स्पष्ट होता है कि भाजपा ने लोकतंत्र को खत्म करने का काम किया है। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह सत्ता के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। कांग्रेस लगातार कह रही है कि तमाम सरकारी एजेंसियां मोदी सरकार के दबाव में काम कर रही हैं और यह लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरनाक है।

# मनपा का दावा... अंग्रेजी माध्यम के साथ ही सीबीएसई स्कूल शुरू करने का लक्ष्य



**ठाणे :** ठाणे मनपा प्रशासन शहर में अंग्रेजी माध्यम के साथ ही सीबीएसई स्कूल शुरू करने जा रहा है। मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने पहले चरण में दो सीबीएसई और आठ अंग्रेजी माध्यम के स्कूल शुरू करने को लेकर नियोजन करने का आदेश शिक्षा विभाग को दिया है। इन स्कूलों को लेकर शिक्षा विभाग में हलचल शुरू हो गई है। बता दें कि आयुक्त बांगर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। इस मौके पर आयुक्त ने सीबीएसई स्कूलों के पहले चरण में दो स्कूल शुरू करने का लक्ष्य मनपा शिक्षा विभाग को दिया है। इसमें से एक स्कूल स्वयं सेवी संस्था के माध्यम से और दूसरा मनपा प्रशासन के माध्यम से शुरू करने का आदेश दिया है। जबकि पहले चरण में कम से कम १० और अंग्रेजी माध्यम के स्कूल शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। इन दोनों प्रकार के स्कूलों के लिए इस वर्ष तैयारी पूरी कर अगले शैक्षणिक वर्ष (२०२४-२०२५) के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने का लक्ष्य रखा गया है। आयुक्त ने इसका समयबद्ध कार्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए। मनपा के स्कूलों के छात्रों को स्कूल शुरू होने के पहले १५ जून किताबें उपलब्ध कराने का आदेश आयुक्त ने शिक्षा विभाग को दिया है। उन्होंने कहा कि स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं के विद्यालयों एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक के छात्रों को राज्य सरकार द्वारा किताबें निःशुल्क प्रदान की जाएगी। स्कूल शुरू होने के बाद किताबें मुहैया कराने से उसका सीधा असर छात्रों की शिक्षा पर पड़ता है।आयुक्त बांगर ने कहा कि यूनिफार्म और छात्र के आत्मविश्वास के बीच घनिष्ठ संबंध है। अतः स्थायित्व के साथ-साथ इसका रंग आकर्षक एवं निजी विद्यालयों की तरह यूनिफार्म भी विशिष्ट प्रकार का होना चाहिए। इसलिए मनपा के विद्यालयों में यूनिफार्म का रंग बदलने के निर्देश दिए हैं।

# दाऊद और बिश्नोई के गुर्गों पर जांच एजेंसियों की नजर





**मुंबई :** मुंबई-दिल्ली के तिहाड़ जेल मे गैंगेस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या के बाद अब अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद और बिश्नोई के गुर्गों पर जांच एजेंसियों की नजर है। तिहाड़ में हुई हत्या के बाद दाऊद, छोटा राजन की हत्या करवाना चाहता है। ऐसे में खबर आई कि दाऊद ने बिश्नोई गैंग से हाथ मिला लिया है, जांच एजेंसियां ऐसे में अब दाऊद ओर बिश्नोई के गुर्गों की लिस्ट तैयार कर उन पर नजर रख रही हैं। गुर्गों की लिस्ट सभी राज्यों के गृह विभाग से शेयर किए जाने की जानकारी मिली है। इसके साथ ही नए शूटरों की जानकारी भी एक-दूसरे को शेयर करने की बात कही गई है।

बता दें कि देश की सबसे हाई सिक्योरिटी जेल तिहाड़ में कुख्यात गैंगस्टर टिल्लू ताजपुरिया की हत्या गोगी गैंग के चार गुर्गों ने की थी। ताजपुरिया की हत्या के बाद जेल में गैंगवार की आशंका के चलते जेल में प्रशासन ने अधिकारियों को अलर्ट कर दिया है। तिहाड़ से कुछ हथियारों की रिकवरी की गई है। जेल में प्रति-दिन जांच किए जाने के बावजूद भी इस तरह चाकू बनाकर की गई हत्या से देश की सबसे सुरक्षित तिहाड़ जेल को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। ऐसे में दाऊद इब्राहिम के अपने दुश्मन अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन को खत्म करने के लिए दिल्ली के डॉन नीरज बवाना से हाथ मिलाने की खबर के बाद अब बिश्नोई गैंग से भी हाथ मिलाने की बात कही जा रही है। पिछले सात वर्ष से तिहाड़ जेल में बंद नीरज पैसा लेकर हत्या करने, रंगदारी और जमीन पर कब्जे के लिए मशहूर है। जेल से ही अपने गिरोह का संचालन कर रहा है, ऐसे में नीरज से हाथ मिलाते हुए डॉन दाऊद इब्राहिम ने उसे छोटा राजन को मारने की सुपारी दी है। सुपारी लेने के बाद से ही नीरज और उसके साथी तिहाड़ में बंद छोटा राजन पर हमला करने की साजिश रच रहे है। इसकी पुष्टि खुद गत वर्ष खुफिया एजेंसी ने तिहाड़ एडमिनिस्ट्रेशन को अलर्ट जारी करते हुए की थी। इसके बाद तिहाड़ प्रशासन ने इमरजेंसी बैठक ली और तिहाड़ में छोटा राजन की सुरक्षा बढ़ा दी, लेकिन अभी तक इस काम को अंजाम नहीं दिए जाने के बाद एक बार फिर दाऊद इब्राहिम के बिश्नोई से हाथ मिलाने की बात कही जा रही है। इसको देखते हुए दाऊद और बिश्नोई के गुर्गों पर जांच एजेंसी नजर रख रही है। इसके लिए सभी जेलों में बंद गुर्गों और बाहर घूम रहे गुर्गों की लिस्ट तैयार कर उन पर नजर रखी जा रही है।

# कोस्टल रोड परियोजना में प्रभावित होनेवाली वन विभाग की जमीन के बदले नई जमीन की तलाश



**ठाणे :** कोस्टल रोड परियोजना में प्रभावित होनेवाली वन विभाग की जमीन के बदले नई जमीन की तलाश अब अंतिम चरण में जा पहुंची है। हाल ही में चेन्नई की एक संस्था ने जमीन का परीक्षण किया है। लेकिन वन विभाग की अनुमति पर प्रश्नचिह्न बरकरार है। फिलहाल, महानगरपालिका ने कोस्टल रोड के निर्माण का प्रस्ताव केंद्र के मैरीटाइम बाउंड्री रेगुलेटरी एरिया अथॉरिटी को स्वीकृति के लिए भेजने की तैयारी कर ली है। गायमुख से खारेगांव तक कोस्टल रोड परियोजना शुरू करने के लिए मनपा पिछले कई महीनों से प्रयास कर रही है। इस परियोजना के लिए एमएमआरडीए से वित्तीय मदद ली जाएगी। यह कोस्टल रोड यह १३ किलोमीटर लंबी होगी है और इस पर १३१६.९८ करोड़ रुपए खर्च प्रस्तावित हैं। मनपा ने बालकुम से गायमुख तक सड़क बनाते समय कांदल वन (मैंग्रोव्ज) क्षेत्र को प्रभावित करनेवाली है।




# इमरान खान को हाई कोर्ट से अल-कादिर ट्रस्ट केस में मिली जमानत, अदालत बोली- किसी भी मामले में 17 मई तक ना हो गिरफ्तारी

**पाकिस्तान :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को शुक्रवार (12 मई) को इस्लामाबाद हाई कोर्ट से जमानत मिली. अल-कादिर ट्रस्ट केस में हाई कोर्ट ने उन्हें दो सप्ताह के लिए जमानत दी है. साथ ही कोर्ट ने कहा कि किसी भी मामले में 17 मई तक खान की गिरफ्तारी ना हो. सुनवाई कोर्ट रूम नंबर 3 में की गई. कोर्ट में सुनवाई के दौरान PTI के समर्थकों ने खूब हंगामा किया. इमरान खान की केस की सुनवाई के लिए तीन जजों की बेंच मौजूद थी. इमरान खान सुनवाई के पहले पुलिस लाइन्स में मौजूद थे. उन्हें भारी सुरक्षा के बीच इस्लामाबाद कोर्ट पहुंचाया गया



था. इस दौरान इमरान खान के समर्थकों ने इस्लामाबाद के श्रीनगर हाईवे को बंद कर दिया था. पुलिस ने इस्लामाबाद हाई कोर्ट में कड़ी सुरक्षा का इंतजाम किया गया था. इमरान खान ने अल-कादिर ट्रस्ट मामले में सुनवाई के दौरान कहा कि कुछ भी हो जाए देश नहीं छोड़ूंगा. ये मेरा देश है, ये मेरी आर्मी है, ये मेरे लोग हैं. इसे पहले इमरान खान को मंगलवार (9 मई) को इस्लामाबाद हाई कोर्ट से पाक रेंजर्स की टीम ने गिरफ्तार कर लिया था. गिरफ्तारी के बाद से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया थी, जिसके बाद PTI कार्यकताओं ने देश के अलग-अलग हिस्सों में आगजनी की थी. इसके बाद कल गुरुवार 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने इमरान की गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए रिहा करने का आदेश दिया था. इमरान खान के रिहाई वाले आदेश पर पीएम शहबाज शरीफ के मंत्रियों ने नाराजगी जताई थी.

## फर्जी मतदान को लेकर दो दर्जन लिए गए हिरासत में

**भदोही।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए गुरुवार को हुई मतदान में जिले के सातों निकायों में लगभग दो दर्जन फर्जी मतदाता को पुलिस ने पकड़ लिया। पुलिस ने ऐम एप के जरिए फर्जी मतदान करने जा रहे लोगों को पकड़कर हिरासत में ले लिया। मतदेय केंद्रों पर तैनात पुलिस काफी सक्रिय रहीं। जिन्होंने जनपद के सातों निकायों में मतदान केंद्र से दो दर्जन फर्जी मतदाता को पकड़ा गया है। पुलिस ने ऐम एप के जरिए ऐसे फर्जी मतदआओं को पकड़कर हिरासत में ले लिया।



आधार कार्ड और निर्वाचन में अलग-अलग नाम पाएं जाने तथा फर्जी आधार पाएं जाने पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस सभी को हिरासत में लेकर मामले की जांच कर रही है। मतदान को लेकर मतदेय स्थलों पर पुलिस मुस्तैद रही।

## बीएलओ की लापरवाही मतदान से वंचित हुए लोग

**भदोही।** नगर पालिका परिषद गोपीगंज के अध्यक्ष व सभासद के लिए शुरू हुए मतदान के दौरान बड़ी लापरवाही देखी गई 'मतदाता सूची मे जहा बड़ी संख्या मे लोग मतदान से इस लिए वंचित हो गए की उनका नाम सूची से गायब था या आधार और मतदाता सूची मे नाम ही बदल गया था।

मतदाता सूची मे बड़ी संख्या मे मतदाताओ की संख्या भी देखी गई जिनके नाम अन्य वार्ड मे भी बरकरार रहा' ऐसे मतदाताओ मे आसपास गांव के लोग भी शामिल रहा जिनका नाम संबधित के ग्राम सभा मे भी दर्ज है जो पंचायत चुनाव मे मतदान कर दावेदारो को जीत हार दिला चुके थे।

उनकी लापरवाही से बड़ी संख्या में नगर के निवासी होने के बावजूद लोग मतदान से वंचित हो गए वही बड़ी संख्या मे बोगस मतदाता नगर और गांव की मतदाता सूची मे शामिल रहकर जहा संख्या बढाने का काम किया निष्पक्ष चुनाव को ठेंगा दिखाने का काम किया'



## तीन बूथों पर तकनीकी कमियों से कुछ देर तक रुका रहा मतदान





### सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी ने कमियों को दूर कराकर शुरू कराया मतदान

**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही के मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय अयोध्यापुरी के बूथ संख्या 13,14 व 15 पर सभासद पद के एक प्रत्याशी का बैलेट पेपर पर गलत चुनाव निशान छप गया था। ऐसे में वहां पर कुछ देर तक मतदान रुका रहा।

इस दौरान उक्त बूथ पर जब लोग मतदान करने पहुंचे तो उस वार्ड के एक सभासद प्रत्याशी का बैलेट पेपर पर गलत चुनाव निशान छपा मिला। जिस पर प्रत्याशी ने आपत्ति दर्ज कराई। पीठासीन अधिकारी ने इसकी जानकारी सेक्टर मजिस्ट्रेट को दी। मामले की जानकारी होने के बाद सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी उस मतदेय स्थल पर पहुंचे। वहां पर पहुंचकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं उपजिलाधिकारी ने उस तकनीकी कमियों को तत्काल निस्तारण कर मतदान प्रक्रिया को सुचारू ढंग से शुरू कर दिया।

लेकिन तब तक मतदाताओं की लाइन लगी रही। मतदान प्रक्रिया शुरू होने के बाद मतदाताओं ने बारी-बारी से अपना वोट डाला।

## कमिश्नर ने किया डीएम व एसपी के साथ मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**भदोही।** जिले के सातों निकाय में हो रहे मतदान का जायजा लेने के लिए गुरुवार को मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल मिजार्पुर डॉ.मुथुकुमार स्वामी बी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट गौरांग राठी व पुलिस अधीक्षक डॉ.अनिल कुमार के साथ भदोही नगर में पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद भदोही के मतदान केंद्र ज्ञानदेवी बालिका इंटर कॉलेज सहित अन्य केंद्रों का किया निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने हो रहे मतदान का बूथ पर तैनात पीठासीन अधिकारियों से जायजा लिया। इसके साथ ही कमिश्नर ने वहां पर आएं मतदाताओं से बातचीत की और मतकार्मिकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की। कमिश्नर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट तथा पुलिस अधीक्षक के साथ जिले के सभी निकायों में पहुंचकर मतदान केंद्र का निरीक्षण किया।

# आज भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होगा 'मोका'

**नई दिल्ली।** चक्रवाती तूफान 'मोका' तेजी से उत्तर-उत्तर पूर्व की ओर बढ़ रहा है। इसके मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक बहुत भीषण चक्रवात में बदलने की संभावना है। तूफान के बांग्लादेश के काक्स बाजार और म्यांमार के क्योकप्यू को पार करने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 150 से 175 किमी प्रति घंटे रहेगी।

**आज कहां होगी बारिश?**

मौसम विभाग के मुताबिक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में आज भारी से बहुत भारी बारिश होने और 13 और 14





मई के दौरान छिटपुट स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। त्रिपुरा और मिजोरम में 13 मई को अधिकांश स्थानों पर भारी बारिश और 14 मई को छिटपुट स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है। नगालैंड, मणिपुर और दक्षिण असम के कई स्थानों पर 14 मई को भारी बारिश हो सकती है।

**तेज गति से चलेगी हवा**

त्रिपुरा, मिजोरम और दक्षिण मणिपुर में 14 मई को 50-60 किमी प्रति घंटे से लेकर 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक हवा चलने की संभावना है। अंडमान सागर में 50-60 किमी प्रति घंटे से लेकर 70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। दक्षिण पूर्व बंगाल की खाड़ी में 65-75 किमी प्रति घंटे से लेकर 85 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चल रही है, जिसके 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचने की संभावना है। इस रफ्तार के आज 120 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने की संभावना है। हालांकि, 13 मई से रफ्तार में कमी आएगी। बंगाल के पूर्व मध्य खाड़ी में 110-120 किमी प्रति घंटे से बढ़कर 135 किमी प्रति घंटे की की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है।

इसके 13 मई की सुबह से 130-140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 155 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक और 13 मई की शाम से 14 मई की सुबह तक 140-150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से लेकर 165 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक तेज हवा चलने की संभावना है। लोगों को अलर्ट रहने के लिए कहा गया है।

दैनिक रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक
मुंबई : शनिवार 13 मई 2023






# कोलकाता में दबंग टूर से धूम मचाएंगे सलमान खान



**हिंदी** सिनेमा के मेगा सुपरस्टार सलमान खान किसी अलग पहचान के मोहताज नहीं हैं. फिल्मों के साथ-साथ लंबे समय से सलमान खान दबंग टूर रिलोडेड एंटरटेनमेंट कॉन्सर्ट के जरिए फैंस का मनोरंजन करते आ रहे हैं. इस बीच अब सलमान का दबंग टूर देश के सिटी ऑफ जॉय यानी कोलकाता आ पहुंचा है. कुछ दिन बाद ही कोलकाता में दबंग टूर का आयोजन किया जाना है, जिसमें डांस और म्यूजिक फुल ऑन एंटरटेनमेंट पैकेज देखने को मिलेगा. सलमान दुबई के जैसे कई विदेशी देशों में अपने दबंग टूर से धूम मचा चुके हैं. इस बार कोलकाता में भाईजान दबंग टूर से समां बांधेंगे. 13 मई 2023 को सलमान के दबंग टूर कॉन्सर्ट को कोलकाता के ऐतिहासिक ईस्ट बंगाल क्लब में आयोजित किया जाएगा. जिसकी शुरूआत शाम से शुरू हो जाएगी. खबर के मुताबिक सलमान खान के दबंग टूर की टिकटों के प्राइज की जानकारी सामने आई है. बताया जा रहा है सलमान को लाइव देखने के लिए

# रिलीज से पहले ही बांग्लादेश में फुल हुए



**यश** राज फिल्म्स के बैनर तले इस साल रिलीज हुई एक्शन फिल्म पठान दर्शकों को बेइंतहा पसंद आई थी। फिल्म ने न केवल भारत में बल्कि दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर सबको हैरान कर दिया था। शाहरुख खान को पूरे चार साल बाद रुपहले पर्दे पर लाने वाली इस एक्शन थ्रिलर फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। दुनिया के कई देशों में धमाल मचाने के बाद बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान स्टारर पठान अब 12 मई को बांग्लादेश में रिलीज हो रही है। इस बीच खबर है कि फिल्म की रिलीज से पहले ही इसके शो हाउसफुल हो गए हैं।

पठान अब बांग्लादेश में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए रिलीज हो रही है। जहां इस खबर से शाहरुख खान के फैंस बहुत खुश हैं, वहीं पड़ोसी मुल्क में कुछ ऐसे भी हैं जो पठान की रिलीज का विरोध कर रहे हैं। लोगों द्वारा किए जा रहे विरोध के बीच भी पठान ने रिलीज से पहले ही बांग्लादेश में अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया है। दरअसल, कुछ रिपोर्ट्स सामने आ रही हैं, जिनमें दावा किया जा रहा है कि बांग्लादेश के एक नामी थिएटर में पठान के दो दिन के एडवांस टिकट्स बिक चुके हैं। मतलब साफ है फिल्म के शो हाउसफुल हो गए हैं।

इंपोर्टर और वितरक अनन्या मामून ने कहा कि विभिन्न चर्चाओं के बाद, फिल्म की रिलीज के लिए मंत्रालय से अनुमति, सेंसर की मंजूरी सहित सभी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। अनन्या मामून कंपनी एक्शन कट एंटरटेनमेंट से हैं और उन्होंने ही खुलासा किया है कि पठान बांग्लादेश के 41 सिनेमा हॉल में रिलीज होगी और इसके हर दिन 198 शो दिखाए जाएंगे। रिलीज के पहले दिन और दूसरे दिन के टिकट पहले ही बिक चुके हैं। कुछ साल पहले, सलमान खान अभिनीत बॉलीवुड फिल्म वांटेड को बांग्लादेश के सिनेमा हॉल में रिलीज की गई थी। इस फिल्म को दर्शकों का ज्यादा प्यार नहीं मिला था। तब से अब तक दोबारा कोई भी भारतीय फिल्म बांग्लादेश में रिलीज नहीं हुई है। हालांकि, अब बांग्लादेशी सरकार ने फैसला किया है कि वे हर साल 10 भारतीय फिल्मों को रिलीज करेंगे। पठान ही नहीं, बल्कि सलमान खान स्टारर फिल्म किसी का भाई किसी की जान भी कुछ दिनों में बांग्लादेश में रिलीज होगी।

पठान की बात करें तो फिल्म की कहानी भारतीय एजेंट पठान की है, जो अपनी टीम के साथ देश को बचाने एक हैरतअंगेज मिशन पर जाता है। इस मिशन पर उसकी मुलाकात एक पाकिस्तानी एजेंट से होती है, जिससे वह प्यार कर बैठता है। यह किरदार दीपिका पादुकोण ने निभाया है और वहीं विलेन के रोल में जॉन अब्राहम नजर आए हैं। फिल्म में डिंपल कपाड़िया और आशुतोष राणा जैसे मंझे हुए कलाकार भी शामिल हैं। पठान ने दुनियाभर में 1000 करोड़ रुपए से भी ज्यादा का कारोबार किया था।

# 'ड्रीम गर्ल' साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की हुई दीवानी



**साउथ** सुपरस्टार अल्लू अर्जुन फिल्मों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं। पैन इंडिया स्टार ने 'पुष्पाः द राइज' फिल्म में काम कर नॉर्थ में भी अपनी तगड़ी फैन फॉलोइंग बना ली। एक्टर के फिल्मों के सही चुनाव ने उन्हें बॉक्स ऑफिस और दर्शकों के दिलों का बादशाह बना दिया। ना सिर्फ फैंस बल्कि मनोरंजन जगत के सितारे भी अल्लू अर्जुन की तारीफें करते नजर आते हैं। इस लिस्ट में अब बॉलीवुड की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी का भी नाम जुड़ गया है।

हाल ही में अल्लू अर्जुन की एक्टिंग की तारीफ करते हुए, हेमा मालिनी ने कहा, 'मैंने पुष्पाः द राइज देखी और बड़ा मजा आया। इतने सारे लोगों ने फिल्म में अल्लू अर्जुन के चलने पर आधारित डांस स्टेप्स किए हैं। मुझे उनका प्रदर्शन भी पसंद आया। फिर मैंने उन्हें (अल्लू अर्जुन) एक और फिल्म में देखा और महसूस किया कि वह इतना अच्छा दिखने वाला लड़का है। वह पुष्पा में लुंगी पहने हुए बहुत देहाती और बेहद अलग दिख रहे थे। उन्होंने ऐसा किरदार निभाया और फिर भी वे हीरो हैं। यह सराहनीय है कि वह इस तरह के लुक को निभाने और भूमिका निभाने के लिए तैयार हो गए। हमारे हिंदी फिल्म के हीरो थोड़ी ना ऐसे दिखना चाहेंगे।

हेमा मालिनी ने बात में आगे जोड़ा, 'मुझे याद है कि रजिया सुल्तान में धरम जी को सांवला दिखना था और वह झिझक रहे थे।' अल्लू अर्जुन की तारीफ में हेमा मालिनी ने काफी बड़ी बात कह दी है। साथ ही उनकी तारीफ कर हिंदी सिनेमा के सितारों पर तंज कसती नजर आई हैं।



पैन इंडिया स्टार के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह जल्द ही अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म 'पुष्पाः द राइज' के दूसरे पार्ट 'पुष्पा 2 द रूल' में नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म से एक्टर का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हुआ, जिसे देश के सभी फैंस ने खूब सराहा। अल्लू अर्जुन की इस अपकमिंग मूवी को लेकर फैंस का क्रेज हाई है, साथ ही मेकर्स भी इसे बड़े पैमाने पर रिलीज कर इससे ज्यादा से ज्यादा कमाई करने का प्लान कर रहे हैं।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com